वैश्विक डाटा सुरक्षा नीति

भूमिका

CORNING[1] स्पेशियल्टी ग्लास एवं सिरैमिक्स में विश्व में अग्रणी है। हम मूल-तत्व वाले घटकों की रचना करते हैं और उन्हें बनाते हैं जो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल उत्सर्जन नियंत्रण, दूरसंचार और जीवन विज्ञान में उच्च-प्रौद्योगिकी प्रणालियों को सक्षम बनाते हैं। अपने व्यापार प्रचालनों का निष्पादन करते समय, हम अपने कर्मचारियों, आवेदकों, आकस्मिक श्रमिकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यापारिक भागीदारों के बारे में प्रासंगिक व्यक्तिगत डाटा[2] एकत्र करते हैं और उसकी प्रक्रिया करते हैं।

वर्तमान नीति (इसके बाद "नीति") व्यक्तिगत डाटा के संबंध में CORNING की प्रतिबद्धता का उल्लेख करती है। व्यक्तिगत डाटा सुरक्षा के अधिकतम स्तर को सुनिश्चित करने के क्रम में, CORNING को ऐसे डाटा (इसके बाद "सामान्य डाटा सुरक्षा विनियमन" अथवा "GDPR") की स्वतंत्र गतिविधि पर व्यक्तिगत डाटा के संसाधन के संबंध में स्वाभाविक व्यक्तियों की सुरक्षा पर विनियमन EU) 2016/679 द्वारा प्रदान किए गए मानकों के साथ संरेखित किया गया है।

इसके अलावा, CORNING ने CORNING समूह के अंदर स्थानांतरित होने के दौरान व्यक्तिगत डाटा सुरक्षित होने को सुनिश्चित करने के लिए बाध्यकारी कॉर्पोरेट नियम ("BCRs") का एक सेट कार्यान्वित किया है। BCRs का कार्यान्वयन CORNING की यूरोपीय संघ में स्थित इकाइयों से दुनिया भर में स्थित CORNING की अन्य इकाइयों को किए जाने वाले व्यक्तिगत डाटा हस्तांतरण[3] के लिए सुरक्षा का एक पर्याप्त स्तर प्रदान करता है। BCRs के सिद्धान्त भी GDPR के साथ संरेखित हैं। इसके अलावा व्यक्तिगत डाटा के इंट्रा -समूह के अंतरराष्ट्रीय स्थानांतरण को न्यायसंगत बनाने के लिए, BCRs पूरे विश्व में डाटा संरक्षण अनुपालन के लिए सतत और प्रभावी दृष्टिकोण लागू करने हेतु CORNING को सक्षम करते हैं। CORNING विश्व भर में तथा सभी ऐसे मामलों में जहाँ CORNING वैयक्तिक डाटा को संसाधित करती है, वहाँ BCRs को लागू करती है। BCRs के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया इस वेबसाइट पर जाएं:

http://www.corning.com/worldwide/en/privacy-policy/binding-corporate-rules.html

CORNING ने डाटा सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं को अपनाकर, कर्मचारी प्रशिक्षण, तथा डाटा सुरक्षा मानकों के अनुपालन के समय-समय पर निगरानी के कार्यक्रम के माध्यम से वैश्विक डाटा सुरक्षा अनुपालन को सुगम बनाने के लिए एक गोपनीयता कार्यालय ("Corning Privacy Office" या "CPO" के रूप में उद्धृत) भी स्थापित किया है।

---

[1] "CORNING" (या "हम," "हमारा/हमारे") – का अर्थ होगा Corning Incorporated, न्यूयॉर्क की एक कॉर्पोरेशन, जिसका मुख्यालय कॉर्निंग, न्यूयॉर्क, अमेरिका में है तथा उसकी सभी विश्वव्यापी सहायक कंपनियाँ, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, Corning Incorporated के स्वामित्व वाली या इसके द्वारा नियंत्रित हैं। जैसा कि इसमें उपयोग किया गया है, किसी संस्था के स्वामित्व या नियंत्रण हेतु वोटिंग या इसी तरह के अन्य अधिकार के पचास प्रतिशत (50%) से अधिक का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टॉक या अन्य हित के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्वामित्व की आवश्यकता है ताकि निदेशकों, प्रबंधकों, सामान्य भागीदारों, या ऐसी संस्था के इसी तरह के अधिकारियों का चयन या नियुक्ति का जा सके। इस सामूहिक कॉर्पोरेट परिवार को यहाँ कभी-कभी "CORNING समूह" के रूप में भी संदर्भित किया जाता है।

[2] "व्यक्तिगत डाटा" का अर्थ किसी पहचाने गए या पहचाने जाने योग्य स्वाभाविक व्यक्ति से संबंधित किसी जानकारी ('डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष') से होगा; पहचान किए जाने योग्य व्यक्ति वह है जिसे, विशेष रूप से किसी पहचान संख्या के आधार पर या उसकी शारीरिक, क्रियात्मक, मानसिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या सामाजिक पहचान के लिए एक या एक से अधिक कारकों के संदर्भ द्वारा, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पहचाना जा सकता है। यदि और जिस सीमा तक ऐसे राष्ट्रीय डाटा सुरक्षा कानून लागू होते हैं जो पहचान किए गए अथवा पहचान किए जा सकने योग्य कानूनी संस्थाओं से संबंधित डाटा को भी सुरक्षा देते हों, तो "व्यक्तिगत डाटा" शब्द में ऐसी जानकारी भी शामिल होगी।

[3] "डाटा स्थानांतरण" का अर्थ किसी एक इकाई से किसी दूसरी इकाई को व्यक्तिगत डाटा का स्थानांतरण होगा। कोई स्थानांतरण किसी नेटवर्क के माध्यम से व्यक्तिगत डाटा के संप्रेषण, कॉपी, स्थानांतरण या प्रकटीकरण के द्वारा किया जा सकता है, जिसमें किसी डाटाबेस में दूरस्थ एक्सेस (पहुँच) या एक माध्यम से दूसरे में स्थानांतरण शामिल है, भले ही माध्यम का प्रकार कोई भी हो (उदाहरण के लिए, किसी कंप्यूटर की हार्ड डिस्क से किसी सर्वर को)।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

CORNING प्रत्येक डाटा से संबंधित व्यक्ति के लिए वर्तमान नीति को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य के लिए, इस नीति के वर्तमान संस्करण को CORNING की इंट्रानेट और CORNING की बाह्य वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है।

I. नीति का उद्देश्य

इस नीति का उद्देश्य है:

i. उन मानकों का वर्णन करना जिन्हें CORNING उस समय लागू करती है जब यह व्यक्तिगत डाटा को संसाधित करती है
ii. व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा के संबंध में एक समूह के रूप में CORNING द्वारा कार्यान्वित की गयीं प्रशासनिक कार्यवाहियों को स्पष्ट करना।
iii. डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के अधिकारों की रूपरेखा तैयार करना जिनके व्यक्तिगत डाटा को संसाधित किया गया है तथा वे कैसे उन अधिकारों का उपयोग कर सकते हैं।

II. नीति का दायरा

यह नीति किसी CORNING इकाई द्वारा या इसकी ओर से संपन्न किए गए सभी व्यक्तिगत डाटा को प्रोसेस करने [4]के लिए लागू होती है, भले ही ऐसे व्यक्तिगत डाटा का कोई प्रारूप कुछ भी हो (जैसे इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, कागजी फाइलें, वीडियो रिकॉर्डिंग, इत्यादि)।

CORNING की सभी इकाइयों, CORNING के सभी कर्मचारियों और आकस्मिक कामगारों के लिए इस नीति का अनुपालन करना आवश्यक है। GDPR के अलावा, प्रत्येक CORNING इकाई लागू स्थानीय डाटा संरक्षण संबंधी जरूरतों का पालन करती है।

इसके अलावा, सभी आपूर्तिकर्ताओं [5]और, लागू होने की हद तक, किसी भी तृतीय पक्ष[6] को जिसे CORNING द्वारा या इसकी ओर से व्यक्तिगत डाटा सुपुर्द किया गया हो, को व्यक्तिगत डाटा संरक्षण संबंधी ऐसे मानकों के बारे में संतोषजनक आश्वासन अवश्य प्रदान करने चाहिए जो कम से कम इस नीति में निहित के बराबर हों।

---

[4] "प्रोसेसिंग" का अर्थ व्यक्तिगत डाटा पर निष्पादित कोई भी प्रचालन होगा, भले ही वह संचरण, प्रसार द्वारा या अन्यथा उपलब्ध, संरेखण या संयोजन, अवरोधन, विलोपन या नष्ट करने के द्वारा संग्रहण, रिकॉर्डिंग, व्यवस्थापन, भंडारण, अनुकूलन या परिवर्तन, पुनः-प्राप्ति, परामर्श, उपयोग, प्रकटीकरण जैसे स्वचालित उपायों के जरिए हो अथवा नहीं।

[5] "आपूर्तिकर्ता" का अर्थ ऐसे शब्द से होगा जिसका उपयोग Corning द्वारा अपने अधिकांश प्रोसेसरों (संसाधकों) को संदर्भित करने हेतु किया जाता है। कोई आपूर्तिकर्ता, किसी अनुबंध के तहत, एक इकाई है, जो व्यक्तिगत डाटा को Corning द्वारा निर्देशित रूप में संसाधित कर सकता है, जैसे कि पेरोल प्रदाता।

[6] "तीसरे पक्ष" का अर्थ डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के अलावा, कोई वास्तविक या कानूनी व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या निकाय, नियंत्रक, संसाधक और व्यक्तियों से है जो, नियंत्रक या संसाधक के प्रत्यक्ष प्राधिकार के तहत डाटा को प्रक्रिया करने के लिए अधिकृत हैं।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

III. सामान्य नियम

CORNING अपने कर्मचारियों, आवेदकों, आकस्मिक कामगारों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, व्यावसायिक साझीदारों, तथा इससे संवाद करने वाले अन्य लोगों द्वारा सौंपे गए व्यक्तिगत डाटा को BCRs तथा इस नीति में उल्लिखित सिद्धान्तों के अनुसार सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

CORNING की डाटा संरक्षण पद्धतियाँ और कार्यक्रम CORNING के मूल्यों और लागू कानूनों एवं विनियमों के साथ संरेखित हैं। CORNING अपने आपूर्तिकर्ताओं तथा व्यावसायिक साझीदारों से अपेक्षा करती है कि उन्हें सौंपे गए व्यक्तिगत डाटा के लिए सुरक्षा प्रथाओं को बनाए रखें जोकि कम से कम उतने सख्त हों जैसा कि CORNING के BCRs तथा इस नीति में वर्णन किया गया है।

IV. डाटा संरक्षण के सिद्धांत

व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार

CORNING व्यक्तिगत डाटा का संग्रह और इसकी प्रक्रिया केवल तभी करता है यदि:

- डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष ने अपनी सहमति[7] एक या अधिक विशिष्ट उद्देश्यों के लिए अपने व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग करने के लिए दे दी है; अथवा
- किसी ऐसे अनुबंध के निष्पादन के लिए जिसका डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष एक पक्षकार है अथवा किसी अनुबंध को करने से पूर्व डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के अनुरोध पर कदम उठाने के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- CORNING के किसी कानूनी दायित्व के अनुपालन के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- डाटा विषय या दूसरे प्राकृतिक व्यक्ति के महत्त्वपूर्ण हितों की रक्षा के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- जन हित में किए गए किसी कार्य के निष्पादन के लिए या CORNING अथवा तृतीय पक्ष जिसके समक्ष व्यक्तिगत डाटा प्रकट किया गया है में निहित आधिकारिक प्राधिकार के प्रयोग के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- नियंत्रक के रूप में CORNING [8]या ऐसे तीसरे पक्ष या पक्षों, जिनके समक्ष व्यक्तिगत डाटा को प्रकट किया गया है, द्वारा जिन वैध हितों को सिद्ध करने का प्रयत्न किया जाता है, उनके उद्देश्यों के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है, सिवाय वहाँ जहाँ ऐसे हित डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता के कारण उपेक्षित कर दिए जाते हैं, जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता होती हैविशेषकर जहां डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष एक बच्चा हो।

व्यक्तिगत डाटा की विशेष श्रेणियों की प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार[9]

CORNING व्यक्तिगत डाटा की विशेष श्रेणियों को तब तक संसाधित नहीं करती है जब तक:

---

[7] इस नीति में किसी अन्य रूप में परिभाषित न किया हो तो अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में दिए गए सभी पारिभाषिक शब्दों का अर्थ जीडीपीआर व्यक्त आशय के अनुरूप है।

[8] “नियंत्रक” का अर्थ स्वाभाविक या कानूनी व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या कोई भी अन्य निकाय होगा जो अकेले या दूसरों के साथ संयुक्त रूप से व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग के उद्देश्यों और उपायों का निर्धारण करते हैं।

[9] "व्यक्तिगत डाटा की विशेष श्रेणियों का आशय ऐसे व्यक्तिगत डाटा से होता है जो जातीय, नस्लीय उद्गम, राजनैतिक राय, धार्मिक या दार्शनिक मान्यताओं, या ट्रेड यूनियन की सदस्यता, आनुवंशिक डाटा, बायोमेट्रिक डाटा, स्वास्थ्य से संबंधित डाटा, स्वाभाविक व्यक्ति के यौन जीवन या लैंगिक रुझान के बारे में डाटा प्रकट करते हैं।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

- डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष ने उन व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग (सिवाय जहाँ लागू कानून इसे निषिद्ध करते हों) के लिए अपनी स्पष्ट सहमति न दे दी हो; या
- रोज़गार कानून के क्षेत्र में नियंत्रक के रूप में कार्य करने वाली CORNING की इकाई के दायित्वों और विशिष्ट अधिकारों को पूरा करने के उद्देश्य से प्रोसेसिंग उस हद तक आवश्यक है जिस सीमा तक पर्याप्त सुरक्षा उपाय उपलब्ध कराने वाले राष्ट्रीय कानून या संघ अथवा यह सामूहिक अनुबंध द्वारा अधिकृत है; या
- डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष या किसी अन्य व्यक्ति के महत्त्वपूर्ण हितों की रक्षा के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है जहाँ डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष शारीरिक या कानूनी रूप से सहमति देने में अक्षम हो; या
- कानूनी दावों की स्थापना, उनके प्रयोग या बचाव के लिए व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- प्रोसेसिंग उस व्यक्तिगत डाटा से संबंधित हो जिसे डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष द्वारा प्रकट रूप से सार्वजनिक किया गया हो; या
- पर्याप्त सार्वजनिक हित के उद्देश्यों के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है;
- कर्मचारी की कार्यक्षमता का आकलन करने के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है;
- सार्वजनिक हित में, वैज्ञानिक या ऐतिहासिक शोध उद्देश्यों या सांख्यिकीय उद्देश्यों (GDPR के अनुच्छेद 89 के अनुसार) के लिए प्रयोजनों को हासिल करने के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है।

CORNING अपराधों, अपराधी को सजा या सुरक्षा उपायों से संबंधित ऐसे मामलों में व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग कर सकती है जिनमें व्यक्तिगत डाटा की इस तरह की प्रक्रिया केवल किसी आधिकारिक प्राधिकारी के नियंत्रण के अधीन की जाएगी, जहां राष्ट्रीय कानून के तहत प्रदत्त लागू, और अनुपालन में विशेष सुरक्षा उपाय प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, स्थानीय डाटा सुरक्षा कानून राष्ट्रीय पहचान नंबरों की प्रोसेसिंग के लिए विशेष सीमाएं लगा सकते हैं।

उद्देश्य सीमा

CORNING निर्दिष्ट, स्पष्ट, और वैध उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत डाटा की प्रक्रिया करता है तथा इसे उस तरह से और आगे प्रक्रिया नहीं करता है कि यह उन उद्देश्यों के साथ असंगत हो जाए। CORNING बिना यह सत्यापित किए आगे के उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत डाटा प्रोसेस नहीं करता है कि डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष से पूर्व सहमति ले ली गयी है; प्रोसेसिंग कानूनी दायित्व पर आधारित होती है; अथवा प्रोसेसिंग का नया उद्देश्य उस उद्देश्य के लिए संगत माना जाता है जिसके लिए व्यक्तिगत डाटा को शुरू में एकत्र और संसाधित किया गया था।

डाटा की गुणवत्ता और न्यूनतम करना

CORNING व्यक्तिगत डाटा को उचित और वैध तरीके से, अपने वैध व्यावसायिक हितों के लिए आवश्यक हद तक, तथा व्यक्तियों के अधिकारों का विचार करते हुए, संग्रह और प्रक्रिया करता है।

CORNING व्यक्तिगत डाटा के संग्रह को वहाँ तक सीमित रखता है जो इसके व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयुक्त और आवश्यक हो। व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग करते समय, CORNING सुनिश्चित करता है कि यह उस उद्देश्य के संबंध में पर्याप्त, प्रासंगिक हो तथा एकत्र और/या आगे प्रक्रिया किये जाने के लिए अत्यधिक नहीं हो। किसी विशेष उद्देश्य के लिए एकत्र किए जाने वाले विशिष्ट प्रकार के व्यक्तिगत डाटा संग्रह के कारण और लागू विनियमों के आधार पर विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। यदि CORNING को ऐसा व्यक्तिगत डाटा प्राप्त होता है जो संग्रह किए जाने के अभीष्ट उद्देश्य के लिए अत्यधिक या अप्रासंगिक है, या डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को दी गई जानकारी के दायरे से परे है, तो CORNING, उचित रूप से, भविष्य में प्रेषक की ओर

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

से व्यक्तिगत डाटा के अत्यधिक या अप्रासंगिक प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाएगा, और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय (जैसे कि विनाश) करेगा कि अप्रासंगिक या अत्यधिक व्यक्तिगत डाटा को और आगे प्रक्रिया नहीं किया जाए।

शुद्ध और अद्यतन होगा

CORNING यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाता है कि इसके द्वारा प्रक्रिया किया जानेवाला व्यक्तिगत डाटा सटीक है, और जहाँ आवश्यक हो, वहाँ उसे सही किया जाता है और अद्यतिद रखा जाता है। CORNING, उचित रूप में, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि ऐसा व्यक्तिगत डाटा, जो उस उद्देश्य के सम्बन्ध में अशुद्ध या अपूर्ण है जिसके लिए इसे एकत्र किया गया था या जिसके लिए इसे और और आगे प्रक्रिया किया गया है, मिटा दिया गया है या ठीक कर दिया गया है। डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष नीचे दिए प्रासंगिक खंड में बताए गए CORNING के संपर्क स्थानों पर संपर्क कर सकते हैं। जहाँ संभव हो, वहाँ CORNING व्यक्तियों को उनके व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच के लिए, इसे सही और/या अद्यतन करने के लिए स्वचालित उपाय भी प्रदान करता है।

उपयुक्त डाटा प्रतिधारण

CORNING कानूनी और व्यावसायिक अवधारण जरूरतों के संगत व्यक्तिगत डाटा को बनाए रखता हैजोकि ऐसे रूप में होते हैं जोकि पहचान संभव करते हैं, और जब जिन उद्देश्यों के लिए एकत्र और प्रोसेस किया गया है प्रासंगिक नहीं रहते हैं तो व्यक्तिगत डाटा को स्टोर नहीं करता है। विशेष रूप से, CORNING व्यक्तिगत डाटा को नष्ट करने के लिए उचित कदम तब उठाता है जब (i) जिस उद्देश्य के लिए उसे एकत्र किया गया था, उसकी आवश्यकता अब न रह गई हो, और/या (ii) लागू कानून (यदि कोई हो) द्वारा अनुमत अधिकतम प्रतिधारण अवधि बीत गई हो।

स्वचालित व्यक्तिगत निर्णय

CORNING यह सुनिश्चित करने के लिए समुचित कदम उठाता है कि प्रत्येक डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को उस निर्णय के अधीन न होने का अधिकार है जो उसे चिंतित करने वाले कानूनी प्रभाव पैदा करते हैं अथवा उस पर उल्लेखनीय रूप से प्रभाव डालते हैं तथा जो लागू डाटा सुरक्षा कानूनों द्वारा उपलब्ध करायी गई शर्तों में उससे संबंधित कुछ व्यक्तिगत पहलुओं का मूल्यंकन करने के लिए अभीष्ट प्रोफाइलिंग सहित व्यक्तिगत डाटा की स्वचालित प्रोसेसिंग पर पूरी तरह आधारित हैं (अर्थात, डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष और CORNING के बीच अनुबंध करने या कार्यनिष्पादन करने के लिए निर्णय आवश्यक है अथवा लागू डाटा सुरक्षा कानून द्वारा अधिकृत है जिसके लिए CORNING एक प्रसंग है अथवा डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष की स्पष्ट सहमति पर आधारित है)।

पारदर्शिता और सूचना का अधिकार

पारदर्शिता के सिद्धान्त के अनुसार, Corning सुनिश्चित करती है कि डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को उपलब्ध करायी गयी जानकारी डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के लिए समझने योग्य तथा सुलभ हो। जानकारी स्पष्ट और सादा भाषा का प्रयोग करके, संक्षिप्त, और आसानी से सुलभ रूप में प्रस्तुत की जाती है।

CORNING डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को कम से कम निम्नलिखित जानकारी प्रदान करता है, सिवाय उस स्थिति के जहाँ डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के पास वह पहले से ही हो:

- नियंत्रक और नियंत्रक के प्रतिनिधि की पहचान तथा संपर्क ब्योरा, यदि कोई हो, और, जब उचित हो, वह स्थान जिसमें नियंत्रक EEA के बाहर होता है;
- डाटा सुरक्षा अधिकारी (GDPR तथा अन्य लागू EU डाटा सुरक्षा कानून, जहां लागू हो, के अनुपालन में नियुक्त) का संपर्क ब्योरा;

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

– प्रोसेसिंग के उद्देश्य जिनके लिए डाटा अभीष्ट है, साथ ही साथ प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार;
– जहाँ प्रोसेसिंग कानूनी हित पर आधारित है, कानूनी हितों का अनुसरण नियंत्रक या तीसरे पक्ष द्वारा किया जाता है
– प्राप्तकर्ताओं[10] अथवा व्यक्तिगत डाटा के प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियां; जहां लागू हों, तीसरे देश में व्यक्तिगत डाटा का स्थानांतरण, तथा यूरोपीय आयोग के पर्याप्तता के निर्णय की मौजूदगी या गैर-मौजूदगी सहित,प्रासंगिक सुरक्षा उपायों के विवरण, तथा साधन जिनके द्वारा उनकी प्रति प्राप्त करना अथवा जहां उन्हें उपलब्ध कराया गया है
– कोई और जानकारी जैसे कि:
    - अवधि जिसके लिए व्यक्तिगत डाटा को संचित किया जाएगा, अथवा यदि वह संभव नहीं है, तो उस अवधि को सुनिश्चित करने के लिए मापदंड:
    - क्या व्यक्तिगत डाटा का प्रावधान वैधानिक या अनुबंधित है, क्या डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष व्यक्तिगत डाटा प्रदान करने के लिए बाध्य है तथा ऐसा डाटा प्रदान करने के लिए संभव विफलता के परिणाम;
    - शामिल तर्क के साथ-साथ डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के लिए ऐसी प्रोसेसिंग के परिणामों के महत्व और संभावित परिणामों के बारे में सार्थक जानकारी सहित, प्रोफाइलिंग सहित स्वचालित व्यक्तिगत निर्णय लेने की मौजूदगी (यदि कोई है);
    - व्यक्तिगत डाटा के लिए तथा इसको सुधारने अथवा हटाने के लिए नियंत्रक की पहुंच से अनुरोध करने के अधिकार अथवा डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष से संबंधित प्रोसेसिंग के प्रतिबंध अथवा प्रोसेसिंग के लिए आपत्ति करने के साथ-साथ व्यक्तिगत डाटा की डाटा पोर्टेबिलिटी के लिए अधिकार की मौजूदगी;
    - जहां प्रोसेसिंग सहमति को वापस लेने से पहले इस पर आधारित प्रोसेसिंग की विधिसंगतता को प्रभावित किए बिना, किसी भी समय सहमति वापस लेने के अधिकार की मौजूदगी की सहमति पर आधारित है;
    - डाटा सुरक्षा विनियमन के उल्लंघन के मामले में पर्यवेक्षी प्राधिकारी के पास शिकायत दर्ज करने का अधिकार[11]।

इसके अलावा, सूचना जानकारी में, BCRs के तहत Corning की प्रतिबद्धता के अनुसार, Corning डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को भी सूचित करेगी कि यदि डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को उसके व्यक्तिगत डाटा को प्रोसेस करने से संबंधित कोई हानि होती है, तो डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष समाधान प्राप्त करने के लिए हकदार है तथा, जहां उपयुक्त है, क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए हकदार है जिसका आदेश सक्षम अदालत या पर्यवेक्षी प्राधिकरण द्वारा दिया जा सकता है या आंतरिक शिकायत तंत्र, यदि उपयोग किया गया है, के अनुसार निर्धारित किया जा सकता है (इन विशिष्ट अधिकारों के बारे में और अधिक जानने के लिए BRCs के अनुच्छेद 5.4. 6.3. और 6.4 देखें।.

जहां व्यक्तिगत डाटा को सीधे डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष से प्राप्त नहीं किया गया है, CORNING डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को संबंधित व्यक्तिगत डाटा की श्रेणियों के साथ तथा उस स्रोत के संबंध में जानकारी जिससे व्यक्तिगत डाटा अनुकूलित हुआ, तथा यदि लागू है तो, क्या यह सार्वजनिक रूप से पहुंच योग्य स्रोतों से आया है, की भी जानकारी प्रदान करता है। ऐसे मामले में, उक्त जानकारी प्रदान की जाती है:

---

[10] "प्राप्तकर्ता" का अर्थ कोई प्राकृतिक या कानूनी व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या कोई अन्य निकाय होगा जिसके समक्ष डाटा प्रकट किया जाता है, भले ही वह कोई तृतीय पक्ष हो या न हो; हालाँकि, ऐसे प्राधिकारी जो एक विशेष जाँच के ढाँचे के अंतर्गत डाटा प्राप्त कर सकते हैं प्राप्तकर्ता नहीं माने जाएँगे।

[11] "पर्यवेक्षी प्राधिकरण" का अर्थ एक स्वतंत्र निकाय से होगा, जो निम्नलिखित कार्यों का प्रभारी होगा: (i) अपने अधिकार-क्षेत्र के भीतर व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग की निगरानी करना, (ii) सक्षम निकायों को व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग से संबंधित विधायी और प्रशासनिक उपायों के सम्बन्ध में सलाह देना, और (iii) नागरिकों के डाटा संरक्षण अधिकारों के संरक्षण के संबंध में डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों की सुनवाई करना।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

a. व्यक्तिगत डाटा प्राप्त होने की समुचित अवधि के अंदर, लेकिन हाल ही में एक महीने के अंदर, विशिष्ट परिस्थितियों जिनमें व्यक्तिगत डाटा संसाधित किए गए हैं, के संबंध में होना;
b. यदि व्यक्तिगत डाटा का प्रयोग उस डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के साथ पहले संप्रेषण के समय से हाल ही में, डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के साथ संप्रेषण के लिए किया जाना है; अथवा
c. अथवा यदि पहली बार व्यक्तिगत डाटा को प्रकट किए जाने के बाद,तीसरे पक्ष को प्रकटीकरण अपेक्षित है।

डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष पर सूचित करने का दायित्व तब लागू नहीं होता है यदि (i) डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के पास पहले से ही जानकारी है; अथवा (ii) इसमें एक असंगत प्रयास शामिल होगा; अथवा (iii) ऐसे व्यक्तिगत डाटा की रिकॉर्डिंग या प्रकटीकरण स्पष्ट रूप से कानून द्वारा अपेक्षित है जिसके लिए नियंत्रक जिम्मेदार है तथा जो डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के वैधानिक हितों की सुरक्षा के लिए समुचित उपाय प्रदान करता है; अथवा (iv) जहां गोपनीयता के वैधानिक दायित्व सहित, राष्ट्रीय कानून या EU द्वारा विनियमित पेशेवर गोपनीयता के दायित्व के तहत व्यक्तिगत डाटा को गोपनीय रहना चाहिए।

पहुंच, सुधार, हटाने, प्रोसेसिंग के प्रतिबंध के अधिकार, प्रोसेसिंग तथा डाटा पोर्टेबिलिटी के लिए आपत्ति करने का अधिकार

CORNING डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को उसके अधिकारों से संबंधित अनुरोधों को प्राप्त करने और जवाब देने के लिए समुचित साधनों को कार्यान्वित करता है।

प्रत्येक डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को निम्नलिखित का अधिकार है:

– बिना बाधा के, उचित अंतराल पर, और बिना अत्यधिक विलंब या व्यय के, और, जहाँ लागू हो, राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार CORNING से प्राप्त करना:
    - डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष से संबंधित व्यक्तिगत डाटा को प्रोसेस किया जा रहा है कि नहीं के रूप में पुष्टीकरण,
    - अगर ऐसा है, तो सूचना कम से कम प्रक्रिया के उद्देश्य के लिए है, डाटा चिंता की श्रेणियाँ और प्राप्तकर्ता या प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियाँ जिनको निजी डाटा का खुलासा किया गया है; जहाँ संभावित योजना अवधि जिसके लिए निजी डाटा को स्टोर किया जाएगा या अगर उस अवधि को निश्चित करने का मानदंड बनाना कठिन है, CORNING से अनुरोध करने के लिए अधिकार का अस्तित्व जिससे निजी डाटा को सुधारा या मिटाया जाए या ऐसी प्रक्रिया के लिए विरोध किया जाए, या डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष से संबंधित निजी डाटा को प्रक्रिया से रोकना या ऐसी प्रक्रियाओं का विरोध करना, एक सुपरवाइज अधिकारी से शिकायत दर्ज करने का अधिकार, उनके स्रोत के अनुसार उपलब्ध कोई सूचना (जहाँ निजी डाटा डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष से एकत्र नहीं किया गया है); स्वचलित निर्णय-करने वाले की उपस्थिति, जिसमें प्रोफाइल बनाना शामिल है, शामिल तर्क की कम से कम अर्थपूर्ण सूचना, साथ ही साथ डाटा विषय के लिए ऐसी प्रक्रिया का महत्व और संभावित परिणाम;
    - जहाँ निजी डाटा तृतीय देश को ट्रांसफर किया गया है[12], ट्रांसफर के लिए प्रयोग किए गए उचित सुरक्षा साधनों के बारे में सूचना; प्रक्रिया चल रहे निजी डाटा के एक बौद्धिक स्वरूप में डाटा विषय से संवाद और उनके स्रोत के अनुसार किसी उपलब्ध सूचना का;

[12]**"तृतीय देश"** का अर्थ ऐसे देश से है जो यूरोपियन आर्थिक क्षेत्र (ईईए) से बाहर स्थित है।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

- बिना अकारण विलंब के CORNING से प्राप्त करें, पुरूष या महिला से संबंधित अनुचित निजी डाटा का सुधार और मिटाया जाना, निजी डाटा को मिटाना या प्रक्रिया से प्रतिबंधित;
- पुरूष या महिला के डाटा पोर्टेबिलटी के अधिकार का पालन करें और CORNING से पुरूष या महिला के संबंध में निजी डाटा प्राप्त करने के लिए अधिकार, जो पुरूष या महिला ने CORNING को दिया है, एक व्यवस्थित रूप, सामान्य तौर पर प्रयोग किया जाए और मशीन द्वारा पढ़े जाने वाले स्वरूप में है;
- विरोध करें, किसी भी डाटा विषय की विशेष स्थिति के लिए वैध आधारों पर पालन करने पर, निजी डाटा (जब प्रक्रिया CORNING की वैध कामना पर आधारित है) की प्रक्रिया;
- विरोध करें, किसी भी समय प्रक्रिया करते समय और बिना वैध आधार को बताए हुए, प्रत्यक्ष मार्केटिंग के उद्देश्य के लिए निजी डाटा की प्रक्रिया (उस सीमा तक प्रोफाइल करना शामिल है जहाँ ऐसी प्रत्यक्ष मार्केटिंग से संबंधित है)।

CORNING में एक प्रक्रिया लागू है जिसमें डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को पहुँच का अधिकार, निजी डाटा के सुधार का अधिकार प्रदान करने के संबंध में भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की व्याख्या करता है और निजी डाटा को मिटाना जिसकी देखरेख CORNING करता है, साथ ही निजी डाटा की प्रक्रिया पर में विरोध करता है, प्रक्रियाओं के प्रतिबंध या डाटा पोर्टिबिलिटी को प्राप्त करने के लिए।

डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष अपने अनुरोधों को privacy@corning.com पर भेज सकते हैं, स्थानीय स्तर पर या तो नियुक्त डाटा रक्षा अधिकारी ("एडीपीओ") या स्थानीय निजता संपर्क ("एलपीसी"), या अन्य व्यापारिक प्रतिनिधियों से पोस्टल मेल, व्यक्तिगत रूप से मिलकर, टेलीफोन या ईमेल द्वारा भी कर सकते हैं।

आपके किसी भी अनुरोध का CORNING को जवाब देने के लिए डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को निम्न आवश्यक पहचान डाटा के साथ CORNING से संपर्क करना चाहिए: नाम, कुलनाम, ईमेल या डाक का पता और कोई अन्य आवश्यक सूचना जिससे उनकी पहचान स्पष्ट हो जाए।

CORNING उन अनुरोधों पर आपत्ति कर सकता है जो स्पष्ट रूप से अत्यधिक हों, विशेष रूप से उनकी संख्या, या उनके पुनरावृत्ति और प्रणालीबद्ध चरित्र के आधार पर।

शिकायत दर्ज करने का अधिकार। इसके अलावा उस दशा में डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के पास निरीक्षणात्मक प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज कराने का भी अधिकार है, जबकि डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को संदेह हो कि Corning डाटा सुरक्षा के लागू नियमों का अनुपालन नहीं कर रही है।

सुरक्षा और गोपनीयता

CORNING ने स्वयं द्वारा एकत्र और कायम रखे जाने वाले व्यक्तिगत डाटा को गोपनीय रखने और इसके अनधिकृत या अवैध प्रकटीकरण या इस तक पहुँच, आकस्मिक हानि, विनाश, परिवर्तन या क्षति से रक्षा करने के लिए, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और कार्यान्वयन की लागत का विचार करते हुए, उचित और वाणिज्यिक दृष्टि से यथोचित तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपाय अपना रखे हैं। इन उपायों का उद्देश्य प्रोसेसिंग में अंतर्निहित जोखिमों और सुरक्षित किए जाने वाले व्यक्तिगत डाटा की प्रकृति के सम्बन्ध में लागू डाटा सुरक्षा कानून में निहित सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ सुसंगत तरीके में सुरक्षा का एक उचित स्तर सुनिश्चित करना है।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

CORNING यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करता है कि ऐसे आपूर्तिकर्ता, जिन्हें व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच प्रदान की जाती है, कम से कम उतने कठोर सुरक्षा उपायों को बनाए रखेंगे जितने कठोर (सख़्त) उपाय CORNING द्वारा लागू किए जाते हैं।

निजी डाटा उल्लंघन नोटिफेकेशन

निजी डाटा उल्लंघन[13] एक नोटिफिकेशन अवधि का विषय इससे पूर्व योग्य निरीक्षणात्मक प्राधिकरण और प्रभावित डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को विशेष परिस्थितियों के अंतर्गत प्राप्त हो।

CORNING सुनिश्चित करता है कि इस बाध्यता का सामना करने के लिए पर्याप्त साधन मौजूद हैं। खास तौर पर, CORNING के कर्मचारी किसी भी संदेहास्पद या वास्तविक निजी डाटा उल्लंघन को (जिसमें निजी डाटा को संभालने वाले उपकरण की क्षति या नुक्सान शामिल है) privacy@corning.com पर या संबंधित एडीपीओ या एलपीसी के पास रिपोर्ट करेंगे। Corning निज़ता दफ्तर निजी डाटा उल्लंघनों को अन्य संबंधित Corning साझीदारों के साथ बिना किसी अकारण विलंब के संभालता है।

निजी डाटा का स्थानांतरण Corning समूह के भीतर या बाहर

CORNING एक वैश्विक संगठन है, जिसकी कानूनी इकाइयाँ दुनिया भर में हैं, और इसकी व्यवसाय, सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियाँ, प्रबंधन संरचनाएँ और प्रक्रियाएँ सरहदों के पार तक हैं। CORNING के लिए प्रायः व्यक्तिगत डाटा को अन्य CORNING इकाइयों, आपूर्तिकर्ताओं, या तृतीय पक्षों को, उसी देश में या उस देश से इतर देश में जिसमें इसे आरंभ में प्रदान किया गया था, व्यक्तिगत डाटा को स्थानांतरित करना, और/अथवा व्यक्तिगत डाटा को उस डाटाबेस में संचित करना आवश्यक होता है जिसे अन्य देशों में होस्ट किया जा सकता है या उस तक अन्य देशों से एक्सेस किया जा सकता है। CORNING ने डाटा संरक्षण का प्रभावी स्तर सुनिश्चित करने के प्रयास के अंतर्गत विशेष रूप से यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) के बाहर Corning इकाईयों के लिए व्यक्तिगत डाटा के हस्तांतरण के संबंध में यूरोपीय संघ के कानून द्वारा प्रदत्त सिद्धांतों, नियमों और साधनों की एक प्रणाली, BCRs को अपनाया है। अधिक विशिष्ट रूप से:

- <u>CORNING की इकाइयों को हस्तांतरण</u>: CORNING की एक इकाई से CORNING की दूसरी इकाई को व्यक्तिगत डाटा का हस्तांतरण केवल तभी अनुमत किया जाएगा यदि हस्तांतरण किसी विशिष्ट और वैध व्यापारिक उद्देश्य पर आधारित हो, और प्राप्त करने वाली इकाई इस नीति और BCRs का और हस्तांतरण या किसी भी उत्तरवर्ती प्रोसेसिंग (इसमें आगे हस्तांतरण भी शामिल है) के बारे में लागू किसी भी अपेक्षाकृत अधिक कठोर स्थानीय कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करती है। जैसा कि BCRs में दिया गया है, जहाँ CORNING की एक इकाई अनुरोध करती है कि CORNING की कोई अन्य इकाई उसकी ओर से व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग का दायित्व ले, वहाँ प्रोसेसिंग सेवाएँ प्राप्त करने वाली CORNING की इकाई CORNING की किसी ऐसी अन्य इकाई का चयन करेगी जो प्रोसेसिंग को नियंत्रित करने वाले तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपायों के संबंध में पर्याप्त गारंटियाँ प्रदान करे, और उसे उन उपायों का अनुपालन अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। BCRs से बाध्य CORNING की कोई भी इकाई, CORNING की किसी अन्य इकाई की ओर से प्रोसेसर[14] (संसाधक) के रूप में कार्य करते समय उन पर्यापृत गारंटियों को प्रदान करने और BCRs में निहित सभी सुरक्षा उपायों का पालन करने, विशेष रूप से व्यक्तिगत डाटा का हस्तांतरण करने वाली CORNING की इकाई द्वारा प्रदत्त निर्देशों का पालन करने और किसी भी आकस्मिक या गैर-

---

[13] "निजी डाटा उल्लंघन" का अर्थ होगा सुरक्षा में एक चूक जिसका परिणाम निजी डाटा को ट्रांसमिट, स्टोर या किसी अन्य तरीके से प्रक्रिया किए जाने के लिए पहुँच या खुलासा दुर्घटनावश या गैरकानूनी भेद, क्षति, परिवर्तन, अनाधिकृत खुलासा करने से है।

[14] "प्रोसेसर" का अर्थ प्राकृतिक या कानून से संबंधित व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या नियंत्रक की ओर से व्यक्तिगत डाटा को प्रोसेस करने वाला कोई भी अन्य निकाय होगा।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

कानूनी ढंग से नष्ट करने या आकस्मिक हानि, परिवर्तन, अनधिकृत प्रकटीकरण या पहुँच के विरुद्ध व्यक्तिगत डाटा की पर्याप्त रूप से रक्षा करने के लिए तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन का दायित्व लेती है। इसके अतिरिक्त, अगर स्थानांतरण दो Corning ईकाईयों के बीच होता है जो संयुक्त नियंत्रकों[15] के रूप में कार्य करते हैं, तो जीडीपीआर के अंर्तगत बाध्यताओं के अनुपालन की उनकी जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए एक लिखित समझौता होगा, खास तौर पर डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के अधिकारों को लागू करने के संबंध में।

- <u>CORNING समूह के बाहर की इकाइयों को हस्तांतरण:</u>

- <u>आपूर्तिकर्ता</u>: CORNING ने आपूर्तिकर्ताओं के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए लिखित अनुबंध किए हैं या करेगा कि वे व्यक्तिगत डाटा को CORNING के निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया करें, और सुरक्षा का एक उचित स्तर सुनिश्चित करने हेतु उचित सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी उपाय करें और उन्हें कायम रखें। इसके अलावा, CORNING इस प्रकार के आपूर्तिकर्ताओं से (i) ऐसे मानक अपनाने जो कम से कम इस नीति में निहित मानकों के समकक्ष हों (ii) और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा लागू डाटा सुरक्षा कानूनों, विशेष रूप से व्यक्तिगत डाटा हस्तांतरण तथा किसी भी आगे के हस्तांतरण पर लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन किए जाने के संतोषजनक आश्वासन की अपेक्षा करेगा। इस तरह के आपूर्तिकर्ताओं की व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच केवल उनके लागू सेवा अनुबंधों में निर्दिष्ट सेवाओं के निष्पादन के उद्देश्य के लिए होगी। यदि CORNING की कोई इकाई निष्कर्ष निकालती है कि कोई आपूर्तिकर्ता इन दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है, तो यह तुरंत उचित कार्रवाई करेगी। इसके अलावा, CORNING व्यक्तिगत डाटा को यूरोपीय संघ के बाहर आपूर्तिकर्ताओं को तब तक हस्तांतरित नहीं करता है जब तक कि वे आपूर्तिकर्ता यूरोपीय संघ की गोपनीयता संबंधी अपेक्षाओं के अनुसार व्यक्तिगत डाटा को सुरक्षित करने के लिए उचित गोपनीयता और सुरक्षा नियंत्रणों को नहीं अपना लेते हैं (उदाहरण के लिए यह सुनिश्चित करके कि यूरोपीय संघ आयोग द्वारा अनुमोदित यूरोपीय संघ के मानक संविदात्मक अनुच्छेदों को उस स्थिति में आपूर्तिकर्ता के साथ हस्ताक्षरित किया गया है यदि उत्तरवर्ती (आपूर्तिकर्ता) ऐसे देश में रहता है जो व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा का पर्याप्त स्तर प्रदान नहीं करता है, यह निर्दिष्ट किया जा रहा है कि ये अनुच्छेद CORNING तथा यूरोपीय संघ के बाहर रहने वाले आपूर्तिकर्ता के मध्य हस्ताक्षरित किए जाएँगे)। इसके अतिरिक्त, संयुक्त-नियंत्रक संबंध (यदि कोई हो), जीडीपीआर के साथ अनुपालन करने के लिए Corning के साथ किसी बाहरी संयुक्त-नियंत्रक द्वारा एक लिखित समझौता किया जाएगा।

- <u>तृतीय पक्ष</u>: CORNING की इकाई को कुछ व्यक्तिगत डाटा तृतीय पक्षों को प्रकट करने की आवश्यकता हो सकती है। विशेष रूप से, इस तरह के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू कानूनों (उदाहरण के लिए, कर अधिकारियों के समक्ष वेतन डाटा का प्रकटीकरण) का पालन करने अथवा डाटा से संबंधित किसी व्यक्ति-विशेष के स्वास्थ्य या सुरक्षा के खतरे में होने की स्थिति में (उदाहरण के लिए, किसी दुर्घटना के मामले में) हो सकती है। CORNING व्यक्तिगत डाटा को अपने कानूनी अधिकारों की (उदाहरण के लिए, किसी मुक़दमे में) रक्षा के लिए भी प्रकट कर सकता है।

[15] दो या अधिक नियंत्रक जो संयुक्त रूप से प्रक्रिया के उद्देश्य और साधनों को निश्चित करते हैं।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

उत्तरदायित्व

इस नीति में निर्धारित किए गए सिद्धांतों के साथ अनुपालन को प्रदर्शित करने के क्रम में, CORNING ने निम्न उपायों को लागू किया है:

i) प्रक्रिया कार्यवाहियों के रिकार्ड

CORNING निजी डाटा वाली प्रक्रिया कार्यवाहियों के आंतरिक रिकार्ड रखता है[16]। किसी जाँच के उद्देश्य के लिए इन रिकार्डों को किसी योग्य निरीक्षणात्मक प्राधिकरण को उपलब्ध होना चाहिए।

ii) डिजाइन द्वारा और डिफॉल्ट डाटा सुरक्षा

एक प्रभावी रूप से डाटा सुरक्षा सिद्धांतों को लागू करने के लिए CORNING को अवश्य ही उचित तकनीकी और संगठनात्मक उपायों को लागू करना होगा और डाटा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने करने और डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के अधिकारों की सुरक्षा के क्रम में प्रक्रिया में आवश्यक सुरक्षा उपायों को शामिल करना होगा, प्रक्रिया के साधनों का निर्धारण और प्रक्रिया के दौरान दोनों समय इसे करना होगा।

इसके अतिरिक्त, CORNING को अवश्य इस बात की सुरक्षा के लिए उचित तकनीकी और संगठनात्मक उपायों को लागू करना होगा, यह स्वतः ही होगा कि केवल निजी डाटा जो प्रक्रिया के प्रत्येक विशिष्ट उद्देश्य के लिए आवश्यक है उसकी प्रक्रिया की गई है। यह नियम एकत्र किए गए निजी डाटा की मात्रा, उनको स्टोर किए जाने की अवधि और उन तक पहुँच पर लागू होता है।

iii) डाटा सुरक्षा प्रभाव का आकलन

CORNING डाटा सुरक्षा प्रभाव आकलन (या डीपीआईए) का प्रयोग करता है जब प्रक्रिया से डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए अधिक जोखिम की संभावना होने वाली होती है[17]। एक डीपीआईए प्रक्रिया कार्यवाहियों के प्रभाव की पहचान के लिए आकलन करता है जो प्रक्रिया का डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के अधिकारों और स्वतंत्रता पर हो सकता है और उस प्रभाव का प्रबंधन करने के लिए सुझाव देता है।

V. प्रतिबद्धता और इस नीति का अनुपालन करने हेतु लागू किए गए उपाय

CORNING ने CORNING निजता दफ्तर ("सीपीओ") स्थापित किया है, वैश्विक मुख्य निजता अधिकारी ("जीसीपीओ"), क्षेत्रीय डाटा निजता प्रबंधक, निर्धारित डाटा सुरक्षा अधिकारी (जहाँ जीडीपीआर और/या लागू डाटा सुरक्षा कानून के अनुसार लागू हो), और स्थानी निजता संपर्क से निर्मित है। सीपीओ CORNING समूह के स्तर पर इस नीति और BCRs के अनुपालन के लिए तथा इस नीति और BCRs और साथ ही संबंधित नीतियों और कार्यविधियों के किसी भी आवश्यक विकास के लिए पहल करने और उसका समन्वय करने के लिए उत्तरदायी है। CORNING समय-समय पर इस नीति के पालन की निगरानी करने और प्रक्रिया किए गए व्यक्तिगत डाटा पर लागू होने वाले BCRs, कानूनों, अपेक्षाओं और संविदात्मक समझौतों का CORNING की इकाइयों और कर्मचारियों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने में सहायता करने के लिए कार्यक्रमों को भी लागू करता है।

---

[16] जीडीपीआर की धारा 30 देखें।

[17] जीडीपीआर का अनुच्छेद 35।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

इस तरह के कार्यक्रमों में आवधिक प्रशिक्षण और ऑडिट (लेखा-परीक्षण) शामिल हैं जो CORNING को यह सुनिश्चित करने में सक्षम बनाते हैं कि हमारी नीति और हमारे BCRs, सटीक, व्यापक, प्रमुखता से प्रदर्शित, पूरी तरह से लागू किए गए और सुलभ हैं।

Corning ने डाटा सुरक्षा विषयों के प्रति कर्मचारी की जागरूकता को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए हैं। व्यक्तिगत डाटा एकत्र, प्रोसेस करने वाले या उस तक पहुँच रखने वाले नए कर्मचारियों और आकस्मिक कर्मचारियों से डाटा गोपनीयता प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करने की अपेक्षा की जाती है। इसके अलावा, व्यक्तिगत डाटा एकत्र, प्रोसेस करने वाले या उस तक पहुँच रखने वाले सारे कर्मचारियों से नियमित आधार पर ऐसे किसी कार्यक्रम को पूरा करने की अपेक्षा की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, डाटा सुरक्षा अनुपालन समीक्षाएँ आंतरिक या बाहरी टीमों द्वारा निरंतर अंतराल पर इस नीति, BCRs और सभी अन्य संबंधित नीतियों, प्रक्रियाओं या दिशानिर्देशों जो अपडेट और लागू की गई हैं, सुनिश्चित करने के लिए की जाएँगी।

VI. दावों को निपटाने और प्रवर्तित करने की प्रक्रिया

CORNING की इकाइयाँ उपयुक्त निदानात्मक कार्रवाई करेंगी, जिनमें उस स्थिति में लागू कानून के अनुसार अनुशासनात्मक प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं, जब इस नीति या BCRs से असंगत तरीके से व्यक्तिगत डाटा तक पहुँचा जाता है या इसे ऐसे किसी भी तरीके से संसाधित या उसका उपयोग किया जाता है।

यदि डाटा से संबंधित किसी व्यक्ति-विशेष का मानना है कि BCRs या इस नीति का उल्लंघन हुआ है क्योंकि उसके व्यक्तिगत डाटा को इस प्रकार संसाधित किया जाता है जो BCRs या इस नीति के साथ असंगत है, तो डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष नीचे वर्णित ढंग से एक शिकायत दर्ज कर सकता है।

डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष से प्राप्त गोपनीयता संबंधी शिकायतों को निपटाने और गोपनीयता संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने, उनका दस्तावेज़ीकरण करने, उनकी जाँच करने तथा उनका उत्तर देने हेतु भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों का वर्णन करने के लिए CORNING के पास एक कार्यविधि है।

Corning.com पर डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को, अपनी शिकायत दर्ज करने की अनुमति देने के लिए व्यावहारिक साधन हैं, जिनमें निम्नलिखित में से कम से कम एक शामिल रहता है:

- शिकायत प्रपत्र के लिए वेब लिंक,
- ईमेल पता, टेलीफोन नंबर, या डाक का पता।

कर्मचारियों द्वारा दर्ज की गई डाटा सुरक्षा शिकायतें

CORNING के कर्मचारी डाटा सुरक्षा शिकायतों को CORNING के इंट्रानेट और एक्सटर्नल फेसिंग CORNING वेबसाइट पर उपलब्ध डाटा सुरक्षा शिकायत पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। डाटा सुरक्षा शिकायत प्रपत्र को पूरा करने के बाद, प्रपत्र को निम्नलिखित विधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है:

- privacy@corning.com पर CPO मेलबॉक्स को ईमेल करके।
- ईमेल, डाक मेल, या नियुक्त डाटा सुरक्षा अधिकारियों या स्थानीय निजता संपर्कों या मानव संसाधन, सेल्स, मार्केटिंग, वैश्विक आपूर्ति प्रबंधन, वित्त, और स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग साथ ही साथ कोई अन्य आवश्यक व्यापारिक प्रतिष्ठान को व्यक्तिगत रूप से दिया जा सकता है।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

अन्य डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष (उदाहरण के लिए, आकस्मिक श्रमिकों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों) द्वारा प्रस्तुत डाटा सुरक्षा शिकायतें

अन्य डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष डाटा सुरक्षा शिकायतों को एक्सटर्नल फेसिंग CORNING वेबसाइट पर उपलब्ध डाटा सुरक्षा शिकायत प्रपत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। डाटा सुरक्षा शिकायत प्रपत्र को पूरा करने के बाद, प्रपत्र को निम्नलिखित विधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है:

- ई-मेल, डाक मेल, या नियुक्त डाटा सुरक्षा अधिकारियों या गोपनीयता संपर्क, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, GSM प्रतिनिधि या विक्रय और विपणन प्रतिनिधि को व्यक्तिगत रूप से सौंप कर।
- privacy@corning.com पर CPO मेलबॉक्स को ईमेल करके।

जब कोई शिकायत पंजीकृत हो जाती है, इसका संज्ञान लिया जाता है और उचित समय के अंतर्गत इस पर कार्यवाही होती है (उदाहरण के लिए प्राप्त होने के एक माह के भीतर ही कार्यवाही होती है जहाँ गंभीरता और अनुरोधों की संख्या के आधार पर दो महीना और तक बढ़ सकती है)। अगर ऐसे बढ़ोत्तरी होती है तो CORNING डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष को सूचित करेगा।

यदि डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष Corning के उत्तर से संतुष्ट नहीं है, या डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष उपलब्ध आंतरिक शिकायत तंत्र से कतराना पसंद करता है, तो डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के पास संबंधिक निरीक्षणात्मक प्राधिकरण[18] के सामने शिकायत करने का अधिकार है और/या योग्य न्यायाधिकार पर संसाधन प्राप्त कर सकता है[19]।

VII. CORNING संपर्क सूत्र

इस नीति के बारे में किसी भी प्रश्न, या कोई शिकायत हैं, या अनुरोध (जैसे कि पहुँच, आपत्तियों या परिशोधनों के अनुरोध) के लिए, हम आपको CPO से यहाँ संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं:

Corning Privacy Office
One Riverfront Plaza
MP-HQ-W1-Z12
Corning, NY 14831
(607) 974-9000

Privacy@corning.com

यदि आप CORNING कर्मचारी हैं, तो आप भी अपने स्थान या डिवीज़न के नियुक्त डाटा सुरक्षा अधिकारी (अगर कोई हो) या स्थानीय गोपनीयता संपर्क या मानव संसाधन नामित संपर्क सूत्र से संपर्क कर सकते हैं।

VIII. संशोधन

इस नीति में समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है। इस नीति का नवीनतम संस्करण इंट्रानेट और बाह्य वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा और इसे कर्मचारियों को भी यथोचित रूप से (हार्ड कॉपी या इलेक्ट्रॉनिक संस्करण में) वितरित किया जा सकता है।

---

[18] जहाँ जीडीपीआर लागू है, डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष के स्थायी निवास के ईयू सदस्य देश में, उसकी कार्य-स्थल या जहाँ ऐसी स्थिति हुई है वहां।

[19] जहाँ जीडीपीआर लागू है, सदस्य राज्य का न्यायालय जहाँ स्थानीय डाटा नियंत्रक के पास एक स्थापना है या जहाँ डाटा संबंधी व्यक्ति-विशेष का अपना स्थायी निवास है।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.